# कार्यालय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा अजमेर संभाग अजमेर

क्रमांक – संयुनि/स्कूल शिक्षा/अज/निजी–3/2025/ई–डाक दिनांकः–यथाहस्ताक्षर

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
अजमेर/भीलवाडा/नागौर/टोंक।

विषयः– वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (एपीएआर) के समय पर संधारण एवं लंबित ऑनलाईन वर्ष की एपीएआर की पूर्ति के संबंध में।
प्रसंगः–निदेशालय के पत्रांकः–शिविरा/माध्य/सस्था/एपीएआर/डीईओ –24795 दिनांकः–19.05.2025,01.07.2025 एवं इस कार्यालय के पत्र दिनांकः–22.05.2025 एवं 06.06.2025,18.06.2025।

सेवाकालीन मूल्यांकन की दृष्टि से वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रत्येक कार्मिक के सेवा अभिलेख का एक महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य अंग है। परन्तु कतिपय कार्मिकों द्वारा एपीएआर प्रविष्टियॉ समय पर पूर्ण नहीं की जा रही है। जिसकी पूर्ति के लिये निदेशालय के समसंख्यक पत्रांकः–19.05.2025 एवं अनुपालना में स्थानीय पत्रांक प्रसंगानुसार जारी किये गये,जिसमें वर्ष 2020–2021 से 2023–2024 तक की एपीएआर ऑनलाईन नहीं किये जाने वाले कार्मिकों को दिनांकः–10.06.2025 तक पूर्ण करने हेतु अवसर प्रदान किया गया था एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को 18.06.2025 तक इस कार्यालय को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। शाला दर्पण से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार एपीएआर ऑनलाईन के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है,जो कि संबंधित कार्मिकों एवं कार्यालयों की एपीएआर के कार्य के प्रति शिथिलता को दर्शाता है। यह अत्यंत खेद का विषय है।

भविष्य में आयोज्य डीपीसी एवं एसीपी/एमएसीपी प्रकरणों में प्रतिकूल प्रभाव नहीं पडे इसके लिये एपीएआर ऑनलाईन करने से वंचित लोकसेवको को एक और अवसर प्रदान करते हुए गत 04 वर्षो की एपीएआर ऑनलाईन करने की तिथि में अभिवृद्धि करते हुए 10.06.2025 से 31.07.2025 तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों द्वारा ऑनलाईन नहीं करने वाले कार्मिकों की सकारण समेकित सूची प्रेषित करने की तिथि में अभिवृद्धि करते हुए 18.06.2025 से 07.08.2025 निर्धारित की जाती है।

उक्त निर्देशों की पालना गंभीरता व प्राथमिकता से करते हुए इस कार्यालय को 07.08.2025 की अवधि में अनुपालना प्रतिवेदन सहित सूचना उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

संयुक्त निदेशक
(स्कूल शिक्षा)
अजमेर संभाग अजमेर

क्रमांक – संयुनि/स्कूल शिक्षा/अज/निजी–3/2025/ई–डाक दिनांकः–यथाहस्ताक्षर
प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित : –

1 निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।

2 कार्यालय प्रति।

संयुक्त निदेशक
(स्कूल शिक्षा)
अजमेर संभाग अजमेर

RajKaj Ref No.: 16386412

शिक्षा एवं रोजगार से संबंधित सभी प्रकार की महत्वपूर्ण सूचनाएं सबसे पहले प्राप्त करने के लिए आज ही हमारे टेलीग्राम, व्हाट्सएप एवं फेसबुक चैनल से जुड़े।

Telegram

Follow our WhatsApp Channel
Click Here

Follow us on
facebook

जुड़ने के लिए ऊपर दिए गए आइकॉन पर क्लिक करें।